Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding imparting digital literacy to the people of India.

श्री शंकर लालवानी (इन्दौर): सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान डिजिटाइजेशन की ओर दिलाना चाहता हूं । माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वर्ष 2020 तक पूरे देश के हर शहर और हर गांव में डिजिटाइजेशन का काम लगभग पूरा हो जाएगा । हम ने देखा है कि कोरोना के समय किस प्रकार वर्क एट होम, एजुकेशन, बिजनेस, मनी ट्रांसफर के बहुत अच्छे काम डिजिटाइजेशन के माध्यम से हुए हैं । सब्जी वाले और ठेले वाले जिस प्रकार से मनी ट्रांसफर कर रहे थे, हमने वह भी देखा है ।

मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि डिजिटाइजेशन के माध्यम से क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, इसके लिए आम जनता को प्रशिक्षण देना पड़ेगा । क्योंकि कभी-कभी इसका मिसयूज होता है, लोग ठगे जाते हैं और किसी न किसी माध्यम से कोई ऐसा प्रकरण हो जाता है, जिसमें वे फंस जाते हैं । मेरा सरकार से निवेदन है कि पूरे देश में डिजिटल लिट्रेसी का एक मिशन आयोजित किया जाए, पूरे देश में प्रशिक्षण दिया जाए, जिसके माध्यम से डिजिटल साक्षरता अभियान चला कर लोगों को प्रशिक्षण दिया जाए । यह मेरा सुझाव है ।